एचडीएफसी बैंक ने आशंका जताई है कि कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के चलते खुदरा क्षेत्र में परिसंपत्ति की गुणवत्ता संबंधी तनाव देखने को मिल सकता है, यानी हो सकता है कि कुछ लोग कर्ज की किस्त समय पर अदा न कर पाएं. एचडीएफसी बैंक के सीईओ शशिधर जगदीशन ने कहा कि जिन कर्जदारों को पहली लहर के बाद ऋण की किश्त स्थगन या पुनर्गठन जैसे नियामक उपायों का लाभ उठाना पड़ा था, वे सबसे अधिक प्रभावित होंगे.

राज्यों की ओर से बाजार से जुटाए जाने वाले कर्ज की लागत अब कम होने लगी है. राज्य अब बड़ी राशि के लिये नहीं उतर रहे हैं और पहले दिए गए सकेतों की तुलना में कम कर्ज उठा रहे हैं. एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री आदिति नायर द्वारा किये गये विश्लेषण के अनुसार, सोमवार के स्तर पर यदि देखा जाये तो सरकारी प्रतिभूतियों और राज्य विकास रिण के बीच ब्याज दर का अंतर 77 पैसे है जो ऊंचा बना हुआ है. राज्यों के लिये जहां औसत दर 6.74 प्रतिशत रही जबकि केन्द्र सरकार को 10 साल के बॉंड पर पर कर्ज 5.97 प्रतिशत वार्षिक पर मिला.

QUICK NEWS

OTP से बदल सकेंगे मोबाइल कनेक्शन

दिल्ली. दूरसंचार विभाग ने मोबाइल फोन उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत दी है. यदि प्रीपेड कनेक्शन के उपभोक्ता है और पोस्टपेड में कन्वर्ट करना चाहते हैं तो ये महज एक वन टाइम पासवर्ड के जरिए आसानी से किया जा सकता है. इसके लिए न तो आपको सिमकार्ड बदलने की जरूरत होगी और न ही किसी तरह के केवाईसी की. सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने दूरसंचार विभाग से इस संबंध में मंजूरी मांगी थी. इस दौरान कहा गया था कि इस प्रक्रिया को केवाईसी के बजाय ओटीपी बेस्ड ऑथेंटिकेशन के माध्यम से पूरा किया जाए.

DHFL: बैंकों ने ली NCLAT की शरण

दिल्ली. DHFL के लेंडर बैंकों ने एनसीएलटी के निर्देश के नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनक्लैट) में एनसीएलटी के निर्देश के खिलाफ याचिका दायर किया है. बैंकों ने इस निर्देश को पूरी तरह से खारिज करने की अपील की है. नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने पिछले दिनों कंपनी के कर्जदाताओं की समिति को कहा था कि वह कंपनी के प्रमोटर कपिल वधावन द्वारा दिए जा रहे ऑफर पर भी विचार कर लें. बैंकों की तरफ से दायर याचिका में एनसीएलटी के आदेश को पूरी तरह से आधारहीन व गैर-कानूनी करार दिया गया है. यहां तक कहा गया है कि यह आदेश बगैर वस्तु-स्थिति को ध्यान में रखते और बिना किसी सोच-विचार के दिया गया है. एनसीएलटी की मुंबई बेंच ने 19 मई को यह आदेश दिया था कि डीएचएफएल के प्रमोटर कपिल वधावन की तरफ से जो सेटलमेंट आफर दिया है उस पर सभी क्रेडिटर्स के बीच वोटिंग होनी चाहिए.

हुंडई ने चेन्नई प्लांट बंद किया

चेन्नई. देश की दूसरी सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी हुंडई मोटर ने कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों और अपने कर्मचारियों की चिंताओं को देखते हुए अपने चेन्नई स्थित प्लांट को बंद करने का एलान किया है. कंपनी ने कहा है कि प्लांट मंगलवार से पांच दिनों तक बंद रहेगा. कोरियाई कार निर्माता ने एक बयान जारी किया और कहा कि उसने कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर और तमिलनाडु सरकार द्वारा लगाए गए लॉकडाउन जैसे कड़े प्रतिबंधों के बीच प्लांट में उत्पादन को कुछ समय के लिए बंद करने का फैसला किया है.

आंकड़ों में घटी महंगाई

जेब हो रही ढीली, सब्जी, चावल छोड़ सब महंगा

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** बीते अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई के आंकड़ों में कमी आ गई हो, लेकिन रसोई में घुस चुकी महंगाई फिलहाल जाने वाली नहीं है. जनवरी से अब तक के आंकड़े देखें तो सब्जियों और चावल के अलावा सभी खाद्य पदार्थ महंगे हो चुके हैं. इसमें भी खाद्य तेल और दालें विशेष रूप से महंगी हो चुकी हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि इनकी कीमतों में फिलहाल कोई बड़ी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. जनवरी में सरसों तेल के दाम थोक में 120 से 125 रुपए प्रति किलो थे, जो अब बढ़कर 150 रुपए पर पहुंच गए हैं. सोयाबीन रिफाइंड के थोक दाम भी जनवरी के 120 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 145 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं. रिटेल में कीमत और भी ज्यादा है. सनफ्लावर और मूंगफली के दाम भी अधिक हैं.

सरकार ने मांगे सुझाव

केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों की कीमतें कम करने के लिए तेल मिल मालिकों, होलसेल डीलर व खाद्य तेल उद्योग के विभिन्न संगठनों से सुझाव मांगे हैं. केंद्रीय खाद्य एवं जन वितरण मंत्रालय ने कृषि, उपभोक्ता मंत्रालय और गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश व तमिलनाडु के वरिष्ठ अधिकारियों व खाद्य तेल उद्योग के जुड़े तमाम हित धारकों के साथ खाद्य तेलों की उचित कीमत में उपलब्धता के मुद्दे पर बैठक आयोजित की.

दालों ने भी खूब रुलाया

इसी तरह, मूंग के अलावा सभी प्रकार की दालों की कीमतों में भी चार महीनों में अच्छी खासी बढ़ोतरी दर्ज की गई है. रबी में गेहूं की आवक होती है, इसके बावजूद जनवरी के तुलना में मई में आटे के भाव बढ़ गए हैं. रसोई गैस के दामों में भी बढ़ोतरी हुई है. सरसों, सोयाबीन आदि के आवक के सीजन में भी दाम घटने के बजाय बढ़ गए हैं. ऐसे में फिलहाल खाद्य तेलों की कीमतों में राहत मिलने के आसार नहीं हैं. दालों में भी ऐसा ही है. आयात छूट से भी ज्यादा राहत नहीं मिलेगी, क्योंकि ज्यादातर देशों से शिपिंग समेत लागत अधिक है. अभी तंजानिया से दाल आ रही है, लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं है. विशेषज्ञों के मुताबिक, सप्लाईचेन बिगड़ने से भी कीमतों को हवा मिल रही है.

बढ़ती कीमतों से सरकार चिंतित

खाद्य तेलों से GST हटाने का प्रस्ताव

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** केंद्र सरकार ने राज्यों समेत सभी साझेदारों से खाद्य तेलों की महंगाई पर काबू पाने के उपायों पर तत्काल कदम उठाने को कहा है. खाद्य तेलों की बेकाबू हो चुकी महंगाई को थामने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सभी साझेदारों के साथ अपनी तरह की पहली बैठक की. सूत्रों के अनुसार इनमें जीएसटी हटाने से लेकर शेयर बाजारों में इसके वायदा कारोबार पर रोक लगाने तक के विचार शामिल हैं. सबसे महत्वपूर्ण सुझावों में एक यह था कि खाद्य तेलों के तत्कालीन स्टॉक की स्थिति जानने की जिम्मेदारी बैंकों और सीमा शुल्क विभाग को सौंपी जाए. इसकी वजह यह है कि कारोबारियों को कर्ज लेने के लिए बैंकों को मात्रा और उसके भंडारण लोकेशन की जानकारी देनी होती है. ऐसे में बैंकों को आसानी से पता चलता रहता है कि इनका भंडारण कहां-कहां हो रहा है.



किसान न हों हतोत्साहित

हालांकि, खाद्य तेल उद्योग के संगठन सेंट्रल ऑर्गनाइजेशन ऑफ ऑयल इंडस्ट्री एंड ट्रेड के चेयरमैन सुरेश नागपाल का विचार था कि आयात शुल्क या सेस घटाने से तिलहन उत्पादक किसान हतोत्साहित हो सकते हैं. नागपाल ने इसके बदले सरसों बीज व सरसों तेल पर लगने वाला पांच फीसद जीएसटी हटाने की सलाह दी.

GDP में आएगी 7.3 % की गिरावट

SBI की रिपोर्ट

■ **मुंबई. एजेंसियां.** देश की जीडीपी की वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में 1.3 प्रतिशत रहेगी. एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट इकोरैप में यह अनुमान लगाया गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते पूरे वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में करीब 7.3 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है. एनएसओ मार्च तिमाही तथा 2020-21 के लिए जीडीपी का शुरुआती अनुमान 31 मई को जारी करेगा. रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारे नाउकास्टिंग मॉडल के अनुसार चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 1.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है. एनएसओ ने चौथी तिमाही में एक प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे वित्त वर्ष 2020-21 में जीडीपी में करीब 7.3 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है. पहले उसने पूरे वित्त वर्ष में 7.4 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया था.

बार्कलेज ने भी अनुमान घटाया

ब्रिटेन की ब्रोकरेज फर्म बार्कलेज ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 0.8 प्रतिशत घटाकर 9.2 प्रतिशत कर दिया. बार्कलेज ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर का अर्थव्यवस्था पर असर उसके शुरुआती अनुमानों से अधिक है. बार्कलेज के भारत में प्रमुख अर्थशास्त्री राहुल बाजोरिया ने कहा कि देश में टीकाकरण की धीमी रफ्तार और कई राज्यों में जारी लॉकडाउन के चलते पूर्वानुमानों में यह कटौती की गई. पिछले एक महीने में कई विश्लेषकों ने इस तरह की आशंकाएं जताई हैं, यहां तक कि आरबीआई ने भी 10.5 प्रतिशत वृद्धि के अपने अनुमान को बनाए रखा है.

सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर

शेयर बाजार में मुनाफा वसूली

■ **मुंबई. एजेंसियां.** शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार सीमित दायरे में रहा और बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों लगभग स्थिर बंद हुए. इसका मुख्य कारण पिछले कुछ सत्रों से बाजार में तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली रही. तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 14.37 की मामूली गिरावट के साथ 50,637.53 पर बंद हुआ. दूसरी तरफ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 10.75 की हल्की बढ़त के साथ 15,208.45 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स के शेयरों में एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक और एचडीएफसी आदि शेयरों में गिरावट रही.

एशियाई बाजार भी बढ़त में

एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, हांगकांग, सोल और तोक्यो बढ़त में रहे. यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में तेजी का रुख रहा.

रुपया 72.77 पर

विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के रुख के बीच मंगलवार को रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 72.77 प्रति डॉलर पर बंद हुआ. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 72.85 प्रति डॉलर पर मजबूत खुला.

360 सीटर विमान में गया केवल 1 यात्री

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** मुंबई से दुबई के लिए बोइंग 777 विमान हाल ही में केवल एक यात्री को लेकर रवाना हुआ जबकि विमान में 350 से ज्यादा यात्रियों के बैठने की क्षमता है. संयुक्त अरब अमीरात ने भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए 25 अप्रैल से भारत से यात्रा पर रोक लगा रखी है. ईके501 नंबर वाले इस विमान ने सुबह 4.30 बजे उड़ान भरी थी. यात्री की ओर से जारी किए गए वीडियों में विमान के क्रू मेंबर उनका स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे है. भारतीय यात्रियों के सबसे बड़े डेस्टिनेशन माने जाने वाले यूएई ने भारत के यात्रियों के लिए प्रतिबंध 14 जून तक बढ़ा दिए हैं.

देंगे उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा

एलन मस्क की राह पर मित्तल

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** आने वाले वक्त में देश की टेलीकाम इंडस्ट्री में नई तरह की क्रांति देखने मिलेगी. इस क्रांति में एलन मस्क और सुनील मित्तल की कंपनियों की अहम भूमिका रहेगी. अरबपति एलन मस्क के स्पेसएक्स की सेटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा स्टारलिंक भारत में प्रवेश कर रही है. वही सुनील मित्तल के भारती समूह की वन वेब भी इसी राह पर है. अप्रैल महीने में ही भारती समूह द्वारा समर्थित उपग्रह संचार कंपनी वन वेब ने 36 उपग्रहों का प्रक्षेपण किया था. यह उपग्रह तीव्र गति की इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराएंगे. वन वेब 2022 तक सेवाएं शुरू करने का इरादा रखती है. भारती समूह ने ब्रिटेन सरकार की मदद से वन वेब का अधिग्रहण किया था.



हालमार्क अब 15 जून से

आगे बढ़ाई तारीख

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** गोल्ड पर हालमार्किंग करना 15 जून से जरूरी हो जाएगी. केंद्र सरकार ने स्वर्ण आभूषण और कलाकृतियों के लिए अनिवार्य रूप से हॉलमार्किंग व्यवस्था लागू करने की समयसीमा एक जून से बढ़ाकर 15 जून तक कर दी है. उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला हुआ. 15 जून से जौहरियों को सिर्फ 14, 18 और 22 कैरेट के सोने के आभूषण बेचने की इजाजत होगी. बीआईएस अप्रैल 2000 से सोने के आभूषणों के लिए हॉलमार्किंग योजना चला रहा है. वर्तमान में लगभग 40 प्रतिशत सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग हो रही है. नवंबर 2019 में सरकार ने स्वर्ण आभूषण और कलाकृतियों पर 'हॉलमार्किंग' 15 जनवरी, 2021 से अनिवार्य करने की घोषणा की थी. हालांकि जौहरियों की महामारी के कारण समयसीमा बढ़ाने की मांग के बाद इसे 4 महीने आगे एक जून कर दिया गया था. गोल्ड हॉलमार्किंग कीमती धातु की शुद्धता को प्रमाणित करता है और वर्तमान में यह स्वैच्छिक है. आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कोरोना महामारी के मद्देनजर सरकार ने संबंधित पक्षों के इसे क्रियान्वित करने और इससे जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए और समय देने के अनुरोध को स्वीकार किया है. स्वर्ण आभूषण पर हॉलमार्किंग व्यवस्था 15 जून से शुरू होगी.

खेल

ओलम्पिक के लिए खिलाड़ियों का मियामी में टीकाकरण

मियामी. पैन अमेरिकी खेल संगठन के अध्यक्ष ने टोक्यो ओलम्पिक खेलों में खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जतायी है और उन्हें कोविड-19 का टीका लगाने के लिये मियामी आने को कहा है. पैन अमेरिकी खेल संगठन, मैक्सिको वाणिज्य दूतावास और मार्सोनी फाउंडेशन के बीच समझौते के तहत लेटिन अमेरिकी देशों के ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का मियामी में टीकाकरण शुरू हो गया है. नेवेन इलिक ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती तीसरे विश्व के देशों में रह रहे और अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को ढूंढना होगा. कुछ देशों के खिलाड़ियों को 2 सप्ताह के लिये पृथकवास पर रहना होगा जिसका मतलब है कि वे इस बीच अभ्यास नहीं कर पाएंगे.

जर्मनी का कोच बनेंगे हेंसी फ्लिक

बर्लिन. हेंसी फ्लिक यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप 2020 के बाद जर्मनी के कोच का पद संभालेंगे. फ्लिक मौजूदा कोच जोकिम लोव की जगह लेंगे. जर्मन सॉकर महासंघ ने बताया कि फ्लिक ने 3 साल का अनुबंध किया है जो एक जुलाई से प्रभावी होगा. फ्लिक इससे पहले जर्मनी की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के साथ लोव के सहायक के रूप में काम कर चुके हैं. यूरो 2020 के बाद अलविदा कहने वाले लोव 15 साल से टीम के साथ जुड़े थे. फ्लिक इससे पहले बायर्न म्यूनिख के साथ जुड़े थे और टीम के उनके मार्गदर्शन में अंतिम मुकाबला खेला. जर्मनी के महासंघ के उपाध्यक्ष पीटर पीटर्स ने कहा कि यह शानदार है कि हेंसी फ्लिक राष्ट्रीय टीम के कोच के रूप में महासंघ में वापसी कर रहे हैं. फ्लिक 2006 से 2014 तक लोव के सहायक रहे.

नसीम को PSL से बाहर किया

कराची. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तेज गेंदबाज नसीम शाह को देश से रवाना होने से पहले कोविड-19 के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के कारण अबुधाबी में होने वाले पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी बचे मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया. पीसीबी ने बताया कि क्वेटा ग्लैडिएटर्स के शाह को आरटी पीसीआर परीक्षण की पुरानी रिपोर्ट के साथ लाहौर में होटल में पहुंचने के कारण टीम से बाहर किया गया. इस कारण यह तेज गेंदबाज 26 मई को संयुक्त अरब अमीरात के अबुधाबी नहीं जा पाएगा और वह प्रतियोगिता से बाहर हो गया है. 19 वर्षीय शाह अब तक 9 टेस्ट मैचों में खेला है. पीसीबी ने सभी खिलाड़ियों को 48 घंटे पुरानी आरटी पीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट के साथ 24 मई तक टीम होटलों में पहुंचने के लिये कहा था.

बायो-बबल में पहुंचीं भारतीय टीम

इंग्लैंड दौरा : क्वारंटाइन शुरू, 2 दिन बाद जुड़ेंगे 2 और खिलाड़ी

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** भारतीय कप्तान विराट कोहली, उप कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच रवि शास्त्री भी मंगलवार को इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली टीम के लिए तैयार किए जैव सुरक्षित वातावरण (बायो बबल) में शामिल हो गए. इसके साथ ही भारत की पुरुष और महिला टीमों का 8 दिन का कड़ा क्वारंटीन पीरियड भी शुरू हो गया. भारतीय महिला टीम की सदस्यों ने भी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के करीब स्थित ग्रैंड हयात में आठ दिन के कड़े क्वारंटीन में प्रवेश कर लिया है. सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के आरटी पीसीआर के 3 परीक्षण नेगेटिव आने के बाद दोनों टीमों के दो जून को इंग्लैंड रवाना होने की संभावना है.

18 जून से शुरू होगा WTC फाइनल

भारतीय पुरुष टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 जून से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलना है. इसके बाद टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी. महिला टीम को इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट, 3 वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं. महिला टीम अपना अभियान 16 जून से शुरू करेगी. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने बताया कि ऋद्धिमान साहा और प्रसिद्ध कृष्णा कोविड-19 से पूरी तरह उबरने पर 2 दिन बाद बायो बबल में आएंगे. मुंबई में रहने वाले खिलाड़ी जैसे विराट, रोहित और कोच शास्त्री बायो बबल में चले गए हैं.

परिवारों को नहीं मिली अनुमति

खिलाड़ियों के परिवारों को अभी तक मंजूरी नहीं मिली है लेकिन बीसीसीआई को उम्मीद है कि जल्द ही ऐसा हो जाएगा. सूत्रों ने कहा कि हम खिलाड़ियों को तीन महीने तक अपने परिवारों से दूर नहीं रख सकते हैं और वह भी बायो बबल में. यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा नहीं है. टीमों के इंग्लैंड पहुंचने पर क्वारंटीन की अवधि को लेकर अब भी बातचीत चल रही है. इस अवधि को कम किया जा सकता है.

हेडली ने कहा

बुमराह का एक्शन करेगा परेशान

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** जसप्रीत बुमराह भारत के मुख्य तेज गेंदबाज हैं और उन्हें इस समय के बेहतरीन गेंदबाजों में गिना जाता है. बुमराह ने जब से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा है तब से उनके एक्शन को लेकर काफी चर्चा होती है. उनका एक्शन अजीब है जिससे बल्लेबाजों को भी उनको पढ़ने में परेशानी होती है.

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021.
सूचना
भारतीय स्टेट बैंक

जवाब | ओलम्पिक के लिए जापान यात्रा

बेअसर रहेगी अमेरिकी चेतावनी : जापान

■ **टोक्यो, न्यूज एजेंसियां.** जापान की सरकार ने इन चिंताओं को खारिज किया कि अमेरिका की अपने नागरिकों को जापान की यात्रा करने से बचने की चेतावनी देने का आगामी टोक्यो खेलों में हिस्सा लेने के बारे में सोच रहे ओलम्पियन पर असर पड़ेगा. अमेरिकी अधिकारियों ने वायरस के एक प्रकार से जापान में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों का हवाला देकर यह बात कही. अमेरिका कहना है कि इस वायरस से टीके लगवा चुके लोगों को भी खतरा है. अमेरिका ने अपने देश के नागरिकों के जापान की यात्रा करने पर प्रतिबंध नहीं लगाया है लेकिन इस चेतावनी का बीमा की दरों पर असर पड़ सकता है और साथ ही 23 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों में हिस्सा लेने पर विचार कर रहे खिलाड़ियों और अन्य प्रतिभागियों का फैसला प्रभावित हो सकता है.

कई जापानी शहरों में आपातकाल की स्थिति

जापान के अधिकतर बड़े शहर आपातकाल की स्थिति का सामना का रहे हैं और कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण जून के मध्य तक यही स्थिति रहने की उम्मीद है. इससे चिंता बढ़ गई कि अगर अस्पतालों पर इसी तरह दबाव रहेगा और देश में इतने कम लोगों का टीकाकरण होगा तो जापान में ओलम्पिक के लिए आने वाले हजारों प्रतिभागियों की मौजूदगी से कैसे निपटा जाएगा. जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव कात्सुनोबु केतो ने कहा कि अमेरिका चेतावनी में जरूरी यात्रा को प्रतिबंधित नहीं किया गया है और जापान का मानना है कि ओलम्पिक के आयोजन को लेकर टोक्यो के प्रयासों के लिए अमेरिकी समर्थन में कोई बदलाव नहीं आया है.

9 राज्यों में 143 'खेलो इंडिया केंद्र' खोलेगी सरकार

143 करोड़ की आएगी लागत

दिल्ली (ए). खेल मंत्रालय ने जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने के लिये 7 राज्यों में कुल 143 खेलो इंडिया केंद्र खोलने का फैसला किया है जिस पर कुल 14.30 करोड़ रुपये का खर्च आएगा. इन केंद्रों को महाराष्ट्र, मिजोरम, गोवा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में स्थापित किया जाएगा. प्रत्येक केंद्र में किसी एक खेल की सुविधा उपलब्ध होगी. खेल मंत्री कीरेन रीजीजू ने कहा कि भारत को 2028 ओलम्पिक में शीर्ष 10 देशों में शामिल करने का हमारा प्रयास है. इसे हासिल करने के लिये हमें खिलाड़ियों की उनकी छोटी उम्र में ही पहचान करने और उन्हें निखारने की आवश्यकता है. जिलास्तरीय खेलो इंडिया केंद्रों पर अच्छे प्रशिक्षकों और उपकरणों की मौजूदगी में मुझे विश्वास है. कि हम सही समय पर सही खेल के लिये सही बच्चे ढूंढने में सफल रहेंगे. मंत्रालय ने जून 2020 में 4 साल में 1000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की योजना बनायी थी. इनमें से कम से कम प्रत्येक जिले में एक केंद्र खोलने की योजना है. इनमें से 217 केंद्र पहले ही कई राज्यों में खोले जा चुके हैं.